संचालन सुरेश गरवड़ा ने किया।

पारितोषिक वितरण समारोह

गोगुंदा. कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को पारितोषिक वितरण समारोह हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतापलाल गमेती ने आने वाले समय में महाविद्यालय में खेल मैदान, पीटीआई की नियुक्ति, रिक्त संकाय सदस्य के पद भरने, महाविद्यालय का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के नाम पर करवाने एवं महाविद्यालय में स्नातकोतर कक्षाएं प्रारम्भ करने को लेकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. ऋचा माथुर, प्रोफेसर नवीन कुमार झा, सरोज कुमार, चित्रकार पुष्कर लोहार, एम जी वार्ष्णेय, प्रो. श्यामलाल कुमावत सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा , कालूलाल चौबीसा, अंबालाल गमेती समाजसेवी आदि मौजूद रहे।